# डब्ल्यूपीएल-2: किरण और हैरिस के आगे बौना सा लगा एमआई का स्कोर

एजेंसी


पंच.ईवी इलेक्ट्रिक स्ट्राइकरेट ऑफ दि मैच बनीं ग्रेस हैरिस


सिंटेक्स सिक्स ऑफ दि मैच बनीं हार्ड हिटर किरण नवगिरे

**बेंगलुरु।** यूपी वॉरियर्ज ने डब्ल्यूपीएल-2 में अपनी पहली जीत डिफेंडिंग चैम्पियप मुम्बई पर हासिल की। यूपी ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट करारी मात दी। बेंगलुरु को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यूपी वॉरियर्ज की कप्तान हिली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। मुंबई ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में यूपी ने इस लक्ष्य को 16.3 ओवर में 3 विकेट पर ही भीद दिया। यूपी के लिए नई ओपनर किरण नवगिरे ने 31 बॉल में 57 रन की पारी खेली। इस पारी के लिये उन्हे प्लेयर ऑफ दि मैच चुना गया।

इससे पहले मुंबई इंडियंस ने पारी की शुरुआत शानदार तरीके से की। ओपनर हेली मैथ्यूज और यास्तिका भाटिया ने मिलकर पहले विकेट के लिये 50 रन छोड़े, इसमें यास्तिका भाटिया ने 22 बॉल में 26 रन बनाए। यास्तिका के आउट होने के बाद तीसरे नंबर पर आई नेटली सीवर ब्रंट ने 19 रन बनाए। इस बीच मैथ्यूज ने शानदार 47 बॉल में 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली।

अमेलिया केर 23 रन और पूजा वस्त्राकर 18 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, सजीवन संजना 4 रन ही बना सकीं। इजाबेल वोंग 15 रन और अमनजोत कौर 0 रन बना कर नाबाद रही। यूपी के सभी बॉलर्स को 1-1 सफलता हासिल हुई।

यूपी ने अपनी पारी की शुरुआत शानदार तरीके से की, कप्तान एलिसा हीली और किरण नवगिरे ने टीम के लिए ओपनिंग की। हीली 33 रन और किरण नवगिरे ताबड़तोड़ 57 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने साथ मिलकर 94 रन की साझेदारी की। बीच में ताहलिया मैक्ग्रा 1 रन बना कर आउट हो गई। हालांकि, आखिर में ग्रेस हैरिस और दीप्ति शर्मा के बीच हुई 36 बॉल में 65 रन की नाबाद साझेदारी ने मैच जिता दिया। इजाबेल वोंग को 2 सफलता मिली। उन्होंने मैक्ग्रा और हीली को आउट किया। वहीं, अमेलिया केर को 1 सफलता मिली।

यूपी इससे पहले अपने दो मैचो में दोनो हार झेलनीं पड़ी थीं, मगर इससे निपटले के लिये इस बार किरण को यूपी ने ओपनिंग में उतार दिया किरन ने आते ही ताबड़तोड पारी शुरू कर दी और मैच में चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी हार्ड हिटर किरण ने अपनी फिफ्टी भी छक्के से पूरी की किरन ने अपनी 57 रन की पारी में 31 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौके और 4 छक्के जड़े, हालांकि 94 रन के स्कोर पर किरण का विकेट गिरा, क्रीज पर आयीं मैग्राथ भी 1 रन बना कर डगआउट में वापस लौट गयीं।

मगर मैग्राथ के बाद क्रीज पर आयीं हैरिस ने किरण के ही अंदाज में बैटिंग जारी रखी और अपनी तूफानी पारी से टीम को जीत दिलाई हैरिस ने अपनी 17 गेंदों की पारी में तूफानी 38 रन बनाये इसमें उन्होंने 6 चौके और 1 छक्का भी जमाया। इसपारी के लिये उन्हे पंच.ईवी इलेक्ट्रिक स्ट्राइकरेट ऑफ दि मैच के एवार्ड से भी नवाजा गया।




## WOMEN'S PREMIER LEAGUE स्टेटस

### टॉप बैटर

| प्लेयर | रन | स्ट्राइकरेट | औसत | 4s/6s |
|---|---|---|---|---|
| 1. हरमनप्रीत कौर : | 101 | 134.67 | 101.00 | 12/02 |
| 2. ग्रेस हैरिस : | 93 | 160.34 | 46.50 | 12/03 |
| 3. यास्तिका भाटिया : | 90 | 121.62 | 30.00 | 12/03 |

### टॉप वॉलर

| प्लेयर | विकेट | ओवर | औसत | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| 1. अमेलिया केर | 07 | 12 | 13.43 | 4-17 |
| 2. आशा शोभना | 05 | 07 | 7.00 | 5-22 |
| 3. मारिजेन कैप | 04 | 08 | 9.25 | 3-5 |

### बेस्ट स्कोर

| प्लेयर | रन | गेंद | स्ट्राइकरेट | 6s/4s |
|---|---|---|---|---|
| 1. ऐलिस कैप्सी | 75 | 53 | 141.51 | 9/3 |
| 2. शैफाली वर्मा | 64 | 43 | 148.84 | 6/4 |
| 3. ऋचा घोष | 62 | 37 | 167.57 | 12/0 |

### बेस्ट बॉलिंग

| प्लेयर | विपक्ष | स्पेल |
|---|---|---|
| 1. आशा शोभना | यूपी वारियर्ज | 4-22-5 |
| 2 अमेलिया केर | गुजरात जायंट्स | 4-17-4 |
| 3 राधा यादव | यूपी वारियर्ज | 4-20-4 |

### बेस्ट बॉलिंग

| प्लेयर | टीम | छक्के |
|---|---|---|
| 1. किरण नवगिरे | यूपी वारियर्ज | 05 |
| 2. शैफाली वर्मा | दिल्ली कैपिटल्स | 04 |
| 3 ग्रेस हैरिस | यूपी वारियर्ज | 03 |

## WOMEN'S PREMIER LEAGUE अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेटरनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| RCB | 02 | 02 | 00 | 04 | +1.665 |
| MI | 02 | 02 | 01 | 04 | -0.182 |
| DC | 02 | 01 | 01 | 02 | +1.222 |
| UPW | 03 | 01 | 02 | 02 | -0.357 |
| GG | 02 | 00 | 02 | 00 | -1.968 |

RCB v/s GG मैच तक के रिकार्डस

# कैमरून ग्रीन ने जड़ा शतक, हैनरी ने लिये चार विकेट

एजेंसी




**बैलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज नील वैगनर रिटायरमेंट लेने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में फील्डिंग करने उतरे। वेलिंगटन टेस्ट के पहले दिन वैगनर सब्स्टिट्यूट फील्डर बनकर मैदान पर आए। ऑस्ट्रेलिया से कैमरन ग्रीन ने नंबर-4 पर उतरकर सेंचुरी लगाई।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बैटिंग की और दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट के नुकसान पर 279 रन बना लिए। ग्रीन के साथ जोश हेजलवुड नॉटआउट लौटे। नील वैगनर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज की टीम में नाम नहीं होने के बाद संन्यास ले लिया था। उन्होंने हेड कोच गैरी स्टीड से चर्चा की और प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिटायरमेंट अनाउंस कर दिया। इसके बाद कोच ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए मौजूद रहने को कहा। वैगनर ने कोच की बात मानी और वेलिंगटन में टीम के साथ अवेलेबल रहे।

उन्होंने अपने बैटर्स की प्रैक्टिस के लिए नेट्स में बॉलिंग की। मैच से पहले नेशनल एंथम में टीम के साथ खड़े रहे और सब्स्टिट्यूट फील्डर बनकर फील्डिंग भी की। वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। ऑस्ट्रेलिया से स्टीव स्मिथ और उस्मान ख्वाजा ने टीम को संभली हुई शुरुआत दिलाई और फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली।

स्मिथ 31 रन बनाकर मैट हेनरी का शिकार हुए। उनके बाद मार्नस लाबुशेन भी एक ही रन बना सके। ख्वाजा भी ज्यादा देर नहीं टिके और 33 रन बनाकर हेनरी की गेंद पर बोल्ड हो गए। उनके बाद ट्रैविस हेड भी एक रन बनाकर कॉट बिहाइंड हो गए। 89 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को कैमरन ग्रीन और मिचेल मार्श ने संभाला। दोनों ने टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया और 5वें विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। मार्श 40 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 67 रन की साझेदारी टूटी।

तीसरे सेशन में एलेक्स कैरी 10, मिचेल स्टार्क 9, पैट कमिंस 16 और नाथन लायन 5 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन ग्रीन एक एंड पर टिके रहे। उन्होंने फिफ्टी पूरी कर टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। फिर दिन का खेल खत्म होने से पहले करियर की दूसरी सेंचुरी भी पूरी की और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक ग्रीन 104 रन बनाकर जोश हेजलवुड के साथ नॉटआउट रहे। हेजलवुड खाता भी नहीं खोल सके। टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 279 रन बनाए। न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा 4 विकेट राइट आर्म पेसर मैट हेनरी ने लिए। विलियम ओ रूर्क और स्कॉट कुगलेजन ने 2-2 सफलताएं लीं। जबकि एक विकेट रचिन रवींद्र को भी मिला।

# मोर्क अडायर ने खोला विकेटों के पंजा, अफगानी ढ़ेर

एजेंसी




| ओवर | विकेट | रन | इकोनॉमी |
|---|---|---|---|
| 16.5 | 05 | 39 | 2.31 |

**अबु ढाबी।** अफगानिस्तान और आयरलैंड के बीच अबु ढाबी में टेस्ट मैच खेला जा रहा है। अबु ढाबी के टॉलरेंस ओवल मैदान पर पहले दिन अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। टीम 54.5 ओवर में 155 रन बना कर ऑलआउट हो गई।

आयरलैंड ने स्टंप्स तक 4 विकेच पर 100 रन बना लिए हैं। हैरी टेक्टर 32 रन और पॉल स्टर्लिंग 2 रन बना कर नाबाद हैं। अफगानिस्तान की ओर से इब्राहिम जादरान ने 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। वहीं, आयरलैंड से पेसर मार्क अडायर ने 5 विकेट लिए।

एक स्कूल टूर्नामेंट के आयोजन के लिए इंटरनेशनल स्टेडियम से स्थानीय मैदान में स्थानांतरित कर दिया गया था। बुधवार सुबह टेस्ट शुरू होने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को इस बदलाव की पुष्टि की गई थी।

यह टेस्ट मूल रूप से जायद क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला था, जो पहले भी अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी कर चुका है। बाद में, अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब ने कहा कि यह वेन्यू अबू धाबी स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, टेस्ट को टॉलरेंस ओवल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जो स्टेडियम के बगल में ही एक मैदान है।

अफगानिस्तान की शुरुआत शानदार नहीं रही। चोटिल राशिद खान की गैरमौजूदगी से अफगानिस्तान की बल्लेबाजी पर असर पड़ा, केवल चार खिलाड़ी ही दहाई का आकड़ा पार कर सके। सलामी बल्लेबाज नूर अली जादरान को आउट करने सहित अडायर की शुरुआती सफलताओं ने अफगानिस्तान के लिए चुनौती पैदा कर दी। इब्राहिम जादरान के अर्धशतक ने टीम को थोड़ी राहत दी, लेकिन मिडिल ऑर्डर नहीं चला और अफगानिस्तान 66-3 के स्कोर से गिरकर 90-6 पर आ गया। करीम जानत के नाबाद 41 रन ने स्कोर बोर्ड में योगदान दिया।

अफगानिस्तान के चार खिलाड़ी जीरो के स्कोर पर लौट गए। रहमत शाह, नसीर जमाल, नीजात मसूज और जाहिर शान 0 रन बना कर लौटे। इनके अलावा नूर अली जादरान 7 रन, हशमतुल्लह शहीदी 20 रन, जिया उर रहमान 6 रन और नवीद जादरान 12 रन बनाकर लौटे।

आयरलैंड की ओर से मार्क अडायर ने 5 विकेट लिए। उन्होंने नूर अली जादरान, रहमत शाह, रहमनुल्लह गुरबाज, जिया उर रहमान और जाहिर खान को चलता किया। उनके अलावा क्रैग यंग और कर्टिस कैंपर को 2-2 विकेट मिले। वहीं, बैरी मैकार्थी को 1 सफलता मिली। आयरलैंड की ओर से पीटर मूर और एंडी बलबर्नी ने पारी की शुरुआत की। मूर 12 रन और पीटर 2 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद कर्टिस कैंपर ने शानलदार 49 रन की पारी खेली। हालांकि, वे अर्धशतक पूरा नहीं कर सके। थियो वोरकॉम 1 रन बना कर आउट हो गए। वहीं, हैरी टेक्टर 32 रन और पॉल स्टर्लिंग 2 रन बना कर नाबाद रहे। नवीद जादरान और जिया उर रहमान को 2-2 विकेट मिले। नवीद ने शुरुआची ओवर्स में बलबर्नी और मूर के विकेट लिए। वहीं, जिया ने कैंपर और वोरकॉम को चलता किया।

इस वन-ऑफ यानी इकलौते टेस्ट मैच के बाद दोनों टीमों के बीच 3 वनडे मैचो की सीरीज होगी। इसके बाद दोनों टीमें 3 टी-20 मैच खेलेगी। सभी मैच शारजाह में होंगे।

# क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर लगा एक मैच का बैन, किया था आपत्तिजनक इशारा

एजेंसी

**रियाद।** सऊदी प्रो लीग मैच में आपत्तिजनक इशारे के लिए दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को एक मैच के लिए बैन कर दिया गया है। वे अल हजम के खिलाफ अल नासर से नहीं खेल सकेंगे।

गुरुवार को सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने रोनाल्डो के सस्पेंशन का ऐलान किया। इसके अनुसार, रोनाल्डो को करीब 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी। इस फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं की जा सकती है।

अल नासर के खिलाड़ी रोनाल्डो बीते रविवार को सऊदी प्रो-लीग मैच के दौरान आपत्तिजनक इशारा करके अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ाते नजर आए थे। इस पर विवाद हो गया। फिर सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने उनके खिलाफ जांच की। पूरी खबर




सऊदी प्रो लीग के मैच के दौरान आपत्तिजनक इशारा करते क्रिस्टियानो रोनाल्डो।

अल नासर और अल शबाब मैच के दौरान फैंस मेसी-मेसी के नारे लगा रहे थे। इस पर पुर्तगाल के फुटबॉलर ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। सोशल मीडिया में मौजूद वीडियो में उन्हें अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है।

25 फरवरी को खेले गए इस मुकाबले में अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। रोनाल्डो ने पेनल्टी पर 21वें मिनट में गोल दागा। उनके बाद तालीसका ने 46वें और 86वें मिनट में गोल किए। अल शबाब की ओर से यानिक फरेरा ने हाफ टाइम के बाद एक्स्ट्रा टाइम ( 45+8वें मिनट में ) पर और कार्लोस ने 67वें मिनट में गोल किए।

रोनाल्डो दिसंबर 2022 में सऊदी अरब के इस क्लब से जुड़े थे। उन्होंने लीग में अभी तक सबसे ज्यादा 22 गोल किए हैं। इनमें अल शबाब के खिलाफ पहले हाफ में पेनल्टी पर किया गया गोल भी शामिल है।

# अय्यर और किशन पर सख्ती तो पांड्या पर मेहरबानी क्यों?

एजेंसी




**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि ये रणजी छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग-2024 की तैयारी कर रहे थे। यहां से सवाल यह भी उठता है कि अगर अय्यर और किशन को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर किया गया है, तो हार्दिक पांड्या के खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं लिया गया।

सवाल यह भी है कि अगर श्रेयस और किशन रणजी नहीं खेल रहे हैं तो पांड्या भी तो सिर्फ और सिर्फ रिलायंस की टीम से ही खेलते हैं। क्या भारत में सिर्फ रिलायंस की टीम से खेलने वालों को ही बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में रखा जायेगा? हालांकि यह नियम सहीं हैं कि अगर रणजी नहीं तो सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं लेकिन यह सिर्फ कुछ प्लेयर्स के लिये ही क्यों हैं? हार्दिक पांड्या पर यह नियम क्यों नहीं है?

बोर्ड ने बुधवार को नया कॉन्ट्रैक्ट जारी किया। इसके अनुसार कप्तान रोहित शर्मा, अनुभवी बैटर विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह को बोर्ड के ए+ ग्रेड में बरकरार रखा गया है। इन सभी को 7-7 करोड़ रुपए मिलेंगे।


इनके अलावा मोहम्मद सिराज, केएल राहुल और शुभमन गिल को ग्रेड ए में प्रमोट किया गया है। जबकि ऋषभ पंत और अक्षर पटेल को ग्रेड एसे डिमोट कर ग्रेड बीमें डाल दिया गया है। इतना ही नहीं, यशस्वी जायसवाल को ग्रेड बीमें जगह दी गई है। यह कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक चलेगा।

बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड ए+ में चार खिलाड़ी हैं। ग्रेड ए में छह, बी में पांच और सी में 15 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। पिछले साल बोर्ड ने 26 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया था। हाल में टेस्ट डेब्यू करने वाले ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। बीसीसीआईने कहा- ध्रुव जुरेल और सरफराज खान ने अब तक 2 टेस्ट मैच खेले हैं। अगर वे धर्मशाला टेस्ट मैच, यानी इंग्लैंड के खिलाफ चल रही सीरीज के 5वें टेस्ट में भाग लेते हैं तो उन्हें ग्रेड सी में शामिल कर लिया जाएगा।

बीसीसीआई के नियम के अनुसार जो खिलाड़ी कम से कम 3 टेस्ट या 8 वनडे या 10 टी20आई खेलते हैं, उन्हें कॉन्ट्रैक्ट में जगह दी जा सकती है। सिलेक्शन कमेटी ने आकाश दीप, विजय कुमार, उमरान मलिक, यश दयाल और विद्वत कावेरप्पा को फास्ट बॉलिंग कॉन्ट्रैक्ट दिया है। ये सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा नहीं है। यह एडिशनल कॉन्ट्रैक्ट है। पूर्व दिग्गज क्रिकेटर रवि शास्त्री ने बीसीसीआईकी इस पहल की तरीफ की है। शस्त्री ने लिखा कि तेज़ गेंदबाज़ी कॉन्ट्रैक्ट के गेम-चेंजिंग स्टेप के लिए खूब तालियां। घरेलू और टेस्ट क्रिकेट अहम है। इसका मजबूत संदेश देगा और भविष्य भी संवारेगा। शस्त्री ने श्रेयस अय्यर और इशान किशन को मजबूत वापसी की शुभकामनाएं भी दी। बोर्ड ने लिखा कि एनुअल कॉन्ट्रैक्ट की सिफारिशों के दौरान श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर भी विचार किया गया, लेकिन उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में जगह नहीं दी गई। बोर्ड ने कहा कि जब खिलाड़ी नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हो, तो घरेलू क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दें।

# बांग्लादेश दौरे के लिए श्रीलंका टीम का ऐलान, शुरुआती दो टी-20 में कप्तानी करेंगे असलंका

एजेंसी




**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश दौरे पर टी-20 सीरीज के लिए मेंस टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंका को 4 मार्च से बांग्लादेश में 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट की सीरीज खेलना है।

शुरुआती 2 टी-20 मुकाबलों में चरिथ असलंका श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। वहीं तीसरे मुकाबले में रेगुलर कप्तान वनिंदू हसरंगा वापसी कर लेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में इंजर्ड हुए ओपनर पथुम निसांका दौरे से बाहर हो गए हैं। उन्हें इंजरी से रिकवर करने में ज्यादा टाइम लगेगा। बोर्ड ने बताया कि निसांका को स्क्वॉड में सिलेक्ट किया गया था लेकिन इंजरी के कारण उन्हें आराम दिया गया।

श्रीलंका के रेगुलर कप्तान वनिंदू हसरंगा शुरुआती 2 टी-20 नहीं खेल सकेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में उन्होंने अंपायर के फैसले का विरोध किया था। इसी कारण उन पर 2 मैच का बैन लगा। इस कारण अब उनकी जगह असलंका टीम की कमान संभालेंगे।

पूर्व कप्तान दसुन शनाका की टी-20 टीम में वापसी हुई है। वहीं एंजलो मैथ्यूज भी टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे। अविष्का फर्नांडो को निसांका की जगह शामिल किया गया। वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज से वापसी करने वाले मिस्ट्री स्पिनर अकिला धनंजय भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं।

श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच 3 टी-20 की सीरीज 4 से 9 मार्च तक खेली जाएगी। फिर तीनों मुकाबले सिलहट में होंगे। 13, 15 और 18 मार्च को 3 वनडे खेले जाएंगे। वहीं 22 मार्च से टेस्ट सीरीज होगी। दूसरा टेस्ट 30 मार्च से शुरू होगा। पहला टेस्ट सिलहट और दूसरा चट्टोग्राम में खेला जाएगा।

### टी-20 सीरीज के लिए श्रीलंका का स्क्वॉड

**वनिंदू हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलंका (उप कप्तान),** कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, एंजलो मैथ्यूज, दसुन शनाका, महीश तीक्षणा, धनंजय डी सिल्वा, कुसल परेरा, दिलशान मदुशंका, नुवान थुशारा, मथीश पथिराना, अकिला धनंजय, बिनुरा फर्नांडो, कमिंडु मेंडिस, अविष्का फर्नांडो और जेफरी वांडरसे।